# जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा

www.dainikjagranmpcg.com • राहतगढ़ • खुरई • पथरिया • सिलवानी • गैरतगंज • गंजबासौदा • सिरोंज • बीना • शमशाबाद

भोपाल 27 अगस्त 2026


### जिलेभर में मुस्लिम समाजजनों ने किए आयोजन, जुलूस का जगह-जगह किया इस्तकबाल

# ईद मिलाद-उन-नबी के मुबारक मौके पर छाया उल्लास, धूमधाम से निकाले मार्गों से जुलूस

**जागरण, सागर।** ईद मिलाद-उन-नबी का त्योहार बुधवार को शहर के साथ समूचे जिले में धूमधाम और उत्साह से मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद पेश की। वहीं त्योहार पर जगह-जगह जुलूस निकाले गए जहां गर्मजोशी से समाजजनों ने इस्तकबाल किया।

ईद मिलाद-उन-नबी के पावन अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा निकाले गए जुलूस का स्वागत जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा हर्षोल्लास एवं भाईचारे के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव ने की। राजीव गांधी भवन से कांग्रेस परिवार एकत्रित होकर जुलूस के स्वागत के लिए पहुंचा। इस दौरान कांग्रेसजनों ने फूलमालाओं से जुलूस का आत्मीय स्वागत कर सभी को पर्व की मुबारकबाद दी। कार्यक्रम



में सिन्टू कटारे, सागर साहू, डॉ.किरण लता सोनी, रिचा सिंह, जितेंद्र रोहन सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## अकीदत से मनाया पर्व

**जागरण, राहतगढ़।** नगर में पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन ईदमिलादुन्नबी पर्व मुस्लिम समाज के अकीदतमंदों द्वारा अकीदत व सादगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा अपने घरों में पैगंबर साहब को याद करते हुए इबादत की एवं तबर्रुक बांटा गया। इस दौरान एक दूसरे को मुबारकबाद भी दी गई। साथ ही मस्जिदों में भी इबादत के साथ तकरीर की गई और पैगम्बर साहब के बताए गए नेकी इंसानियत व भाईचारे के रास्ते पर चलने की बात कही। ईद अकीदतमंदों द्वारा स्थानीय दरगाहों में भी चादर व तबर्रुक चढ़ाया गया।

## रहली में जमकर गूंजा नारा-ए-तकबीर

**जागरण, रहली।** जश्न-ए-विलादत-ए-मुस्तफा के मुबारक मौके पर सुन्नी जामा मस्जिद से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1501वां जुलूस-ए-मुहम्मदी रवायती आन-बान और शान के साथ निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शामिल होकर दुरूद व सलाम, नात-ए-पाक और जिक्र व अजकार के जरिए अपनी मोहब्बत और अकीदत का इजहार किया। जुलूस की सदारत व क़ियादत सुन्नी जामा मस्जिद रहली के ख़तीब व इमाम हज़रत अल्लामा मौलाना मुफ्ती मुहम्मद इरशाद आलम मिस्बाही साहब क़िब्ला ने फरमाई। जुलूस के आगाज़ से पहले सुन्नी जामा मस्जिद के पास बड़ी संख्या में रहवासियों और अकीदतमंदों की मौजूदगी रही। जुलूस में हज़रत हाफ़िज़ व क़ारी अहमद रज़ा साहब क़िब्ला, मद्दाह-ए-रसूल हज़रत शेख सादिक़ साहब क़िब्ला मुअज्जिन आली जनाब अध्यक्ष रज्जब अली साहब सहित सुन्नी जामा मस्जिद रहली के पदाधिकारी, उलमा-ए-किराम और बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए।



## देवरी में नजर आया पर्व का जमकर उत्साह, विशेष आयोजन हुए, एक दूसरे को दी गई बधाई



**जागरण, देवरी।** देवरी नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्म दिवस के अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा विशेष कार्यक्रम और जलसा आयोजित किया गया। मुस्लिम समाज के द्वारा इस पर्व को लेकर एक सप्ताह पहले से ही देवरी नगर में तैयारियां शुरू हो गई थीं। जगह-जगह झंडे, बैनर, लेक्स और होर्डिंग लगाए गए तथा आकर्षक लाइटिंग से पूरे नगर को सजाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और मिठाई खिलाकर खुशियां मनाईं। नगर से बड़ी संख्या में लोग जुलूस के रूप में जलसा-ए-प्रोग्राम में शामिल हुए। जुलूस गांधी वार्ड बस स्टैंड से शुरू होकर संजय नगर पहुंचा जहां पर संजय नगर में मुस्लिम समाज के द्वारा जलसे में शामिल तमाम लोगों का इस्तकबाल किया एवं पानी और तवररूक का वितरण किया इसके बाद तमाम मुस्लिम समुदाय के लोग इकट्ठा होकर सिविल लाइन चौराहा, मुख्य सड़क, गांधी वार्ड और नगर पालिका चौराहा से साह मुहल्ला होते हुए रंगरेज मोहल्ला स्थित मदीना मस्जिद पहुंचा। पूरे कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने खुशियां मनाते हुए एक-दूसरे को शुभकामना दी।

# रक्षाबंधन पर्व के लिए बाजार में व्यवस्थित रूप में लगाएं दुकानें

### निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने दुकानदारों से की अपील



**जागरण, सागर।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर कटरा बाजार क्षेत्र में बड़ी सं या में आने वाले नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए निगम द्वारा बाजार में व्यवस्थित यातायात, स्वच्छता और अतिक्रमण को लेकर विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। निगमायुक्त ने कटरा मु य बाजार क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं सफाई का जायजा लिया।

उन्होंने कटरा मस्जिद से प्रसूतिकागृह की ओर लगी राखी की दुकानों सहित आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण कर दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि अपनी-अपनी दुकानें व्यवस्थित तरीके से लगाएं और दुकान के आसपास स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने दुकानदारों को डस्टबिन रखने एवं उसका उपयोग करने की समझाइश देते हुए कहा कि पैकिंग मटेरियल, कागज, रैपर सहित अन्य कचरा सड़क पर न डालें बल्कि डस्टबिन में ही डालें।

निगमायुक्त ने निगम के अतिक्रमण अमले को निर्देश दिए कि सभी दुकानें निर्धारित रोड मार्किंग लाइन के अंदर ही लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रेहड़ी, पटरी, फुटपाथ दुकानें एवं ठेले इस प्रकार लगाए जाएं कि खरीदारी करने वाले ग्राहक भी रोड मार्किंग लाइन के अंदर ही खड़े रहें और वाहनों की आवाजाही के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध रहें। इससे यातायात बाधित नहीं होगा और नागरिकों को बाजार में आवागमन में सुविधा मिलेगी।

निगमायुक्त ने सख्त निर्देश दिए कि रोड मार्किंग लाइन के बाहर दुकान लगाने अथवा दुकान की सामग्री रखकर अव्यवस्था फैलाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर जुर्माना लगाया जाए। निर्देशों का पालन नहीं करने पर सामग्री जब्ती की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

कटरा मस्जिद के पास एक सांची दुग्ध व्यापारी द्वारा सड़क पर दुग्ध क्रेट्स की छल्ली लगाकर अतिक्रमण करने पर निगमायुक्त ने क्रेट्स जब्त कराने के निर्देश दिए। बार-बार समझाइश के बावजूद सड़क पर अतिक्रमण करने पर संबंधित दुग्ध व्यापारी तथा एक अन्य जूता व्यापारी के विरुद्ध पांच-पांच हजार रुपये की चालानी कार्रवाई कर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए।

# रक्षाबंधन के त्योहार पर भी राशन नहीं हुआ वितरित, हितग्राही हो रहे परेशान

### मड़ावन पायक में गरीबों के राशन पर डाला जा रहा डाका, जिम्मेदार हैं मौन

**जागरण, मालथौन।** जनपद पंचायत मालथौन के अंतर्गत आने वाली राशन दुकानों में हितग्राहियों को त्योहार के अवसर पर भी राशन वितरण नहीं किया जा रहा है जिससे गरीबों का त्योहार गरीबी के साए में निकल रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मड़ावन पायक के अंतर्गत आने वाले ग्राम रिछा एवं टपरों के निवासी राशन लेने के लिए एक किलोमीटर दूर राशन वितरण केंद्र मड़ावन पायक पर आते हैं। करीब एक सप्ताह से चक्कर लगाते लगाते थक चुके हैं। दुकान पर जाते ही राशन पूछने पर वितरक द्वारा कह दिया जाता है कि अभी राशन नहीं आया है और हितग्राही उल्टे पांव खाली थैला लेकर वापस आ जाते हैं। ग्राम रिछा के निवासी राहुल दुबे, अमीन खान, हरि सिंह लोधी, क मोद अहिरवार, बंसी अहिरवार, जब्बार खान, गजेंद्र अहिरवार ने बताया कि हम करीब एक सप्ताह से राशन दुकान के चक्कर लगा रहे हैं। रोज हमें ग्राम रिछा और टपरों से मड़ावन पायक दुकान आना पड़ता है। उसके बाद हमें राशन नहीं मिल रहा है जबकि शासन द्वारा 2 माह का राशन केंद्रों पर उपलब्ध करा दिया गया है लेकिन वितरक ने बताया कि अभी राशन नहीं आया है। हम गरीब लोग अपना त्यौहार कैसे मनाएंगे, समझ नहीं पा रहे हैं।

मड़ावन पायक की राशन दुकान राधारानी स्व सहायता समूह द्वारा संचालित की जा रही है जिसमें भारी अनियमितताएं देखने को मिल रही हैं।

इन राशन वितरकों की वजह से हम त्योहार के दिन भी भूखे बैठे रहेंगे। इस समूह द्वारा माह अप्रैल का राशन भी नहीं दिया गया है। बस बीच में हम सबसे रजिस्टर पर अंगूठा लगवा लेते हैं और पूरा राशन डकार जाते हैं। अधिकारियों का इस ओर ध्यान नहीं है यदि जिम्मेदार अधिकारी ध्यान दें तो हम गरीबों के साथ न्याय होगा। ग्रामवासियों ने प्रशासन से अपील की है इस दुकान की जांच की जाए और राशन वितरण करने वाले इन लोगों को हटाया जाए ताकि उन्हें पर्व पर राशन मिल सके।

# कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं द्वारा मुक्तिधाम में किया गया पौधरोपण और चलाया गया विशेष सफाई अभियान

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. हार्डीकर की पुण्यतिथि पर पहल, आजादी का महान संग्रामी बताया



**जागरण, सागर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ.नारायण सुब्बाराव हार्डीकर की 51वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शहर कांग्रेस सेवादल द्वारा एक सराहनीय संदेशमूलक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रिमझिम फुहारों के बीच सेवादल कार्यकर्ताओं ने मोतीनगर मुक्तिधाम परिसर में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया और पौधों का रोपण कर पर्यावरण व स्वच्छता संरक्षण का संदेश दिया। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस व सेवादल के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। डॉ.हार्डीकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

महेश जाटव, डॉ.संदीप सबलोक ने कहा कि आजादी की लड़ाई में सेवादल का ऐतिहासिक योगदान रहा है। आयोजन के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए सेवादल के जिला शहर अध्यक्ष सिंटू कटारे ने कहा कि डॉ.हार्डीकर के बताए पदचिह्नों पर चलते हुए ही आज सेवादल ने मुक्तिधाम परिसर में स्वच्छता अभियान चलाने और पौधरोपण का निर्णय लिया। हमारा लक्ष्य केवल वृक्ष लगाना नहीं बल्कि उनकी देखरेख कर पर्यावरण को समृद्ध बनाना है। सेवादल का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों के लिए सदैव अग्रसर रहेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नितिन पचौरी, हरिश्चन्द सोनवार, कल्लू पटेल, यंग ब्रिगेड अध्यक्ष दीपक कुर्मी, अरविंद मछंदर, आनंद हेला, अंकुर यादव, परख शुक्ला, नवीन यादव, अमर श्रीवास्तव, बंटी कोरी, लीलाधर बंसल, अमन बंसल, संजय बाल्मीकि, साहिल बाल्मीकि, दीपेश पटेल, मनोज बंसल, गोविंद बंसल, राहुल रजक, जितेंद्र बाल्मीकि, गजेंद्र बाल्मीकि, ओम बाल्मीकिआदि जन उपस्थित रहे।

# मार्ग के आधुनिक कार्य की स्वीकृति पर जताया आभार

**जागरण, सागर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न हुई मंत्रिपरिषद की केबिनेट बैठक में राहतगढ़-खुरई-खिमलासा मार्ग को आधुनिक और उच्च स्तरीय बनाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने खुरई आमसभा में इस सड़क के निर्माण कार्य की घोषणा की थी। मप्र रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन द्वारा प्रदेश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए मप्र केबिनेट की बैठक में कुल 12 महत्वाकांक्षी संपर्क सड़कों के उन्नयन तथा आधुनिकीकरण के लिए 4600 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है कि भूपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री को 10 जनवरी को सौंपे गए मांगपत्र में लिखा था कि राहतगढ़ से खुरई-खिमलासा जो कि एमपीआरडीसी के द्वारा पूर्व में बनाया गया था, वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है इसको एमपीआरडीसी के माध्यम से फोरलेन मार्ग स्वीकृत किया जाए। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग के बनने से मालथौन स्वर्णिम चतुर्भुज राष्ट्रीय राजमार्ग 44 तक की कनेक्टिविटी का शार्टकट फोरलेन बनाने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।

# ब्रह्माकुमारीज संस्थान में मनाया रक्षाबंधन पर्व

### यह पावन पर्व आत्मा और परमात्मा के बीच पवित्रता का व्रत है : बीके नीलम



**जागरण, राहतगढ़।** पवित्रता का प्रतीक रक्षा का महापर्व प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सेवा केन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी नीलम दीदी ने कहा कि रक्षाबंधन पवित्र बंधन है। राखी का धागा केवल रक्षा का प्रतीक नहीं, यह आत्मा और परमात्मा के बीच पवित्रता का व्रत है। यह हमें याद दिलाता है कि जब हम अपने जीवन को सत्य शांति और पवित्रता से भर देते हैं तो परमात्मा स्वयं हमारा सच्चा रक्षक बन जाता है। इस रक्षाबंधन पर संकल्प लें विचारों में पवित्रता, रिश्तों में स्नेह और सम्मान जीवन में परमात्मा से अटूट संबंध है। संपूर्ण विश्व हमारा परिवार है और हम सब आत्माएं आपस में भाई बहन हैं। यही है रक्षाबंधन का सच्चा अर्थ पवित्रता की रक्षा आत्मा की सच्ची सुरक्षा है। इसका पालन करना हर भाई और बहन को आवश्यक है कि वे समर्पित रहें। नीलम दीदी ने संस्था से जुड़े सभी भाई बहिनों को आत्मिक स्मृति का तिलक लगाकर पवित्रता का रक्षा सूत्र बांधते हुए मिठाई खिलायी। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी आरती बहिन तारा बहिन सोनम बहिन सहित अन्य भाई बहिन उपस्थित रहे।

# तीर्थ यात्रा श्रवण बेलगोला के लिए आवेदन 23 सितंबर तक

**जागरण, सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिले से श्रवणबेलगोला की तीर्थ यात्रा प्रस्तावित की गई है। इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन द्वारा श्रवणबेलगोला तीर्थ स्थल के लिए सागर जिले को कुल 111 यात्रियों का कोटा आवंटित किया गया है। यात्रा के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर निर्धारित की गई है जबकि प्रस्तावित यात्रा 24 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। जिला प्रशासन ने योजना के अंतर्गत पात्र श्रद्धालुओं से निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है। आवेदन के साथ चिकित्सकीय प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड नंबर सहित आवश्यक जानकारी देना अनिवार्य होगा। प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद पात्र आवेदकों का चयन किया जाएगा। आवेदकों को सलाह दी गई है कि आवेदन की निर्धारित तिथि एवं समयावधि के भीतर संबंधित कार्यालय में जमा कराएं ताकि यात्रा का लाभ प्राप्त किया जा सके। गौरतलब है कि इससे पहले भी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत यात्राएं पूरी हो चुकी हैं। इस बार भी पूर्व की तरह तमाम व्यवस्थाएं प्रदेश सरकार ने सुनिश्चित की हैं। बता दें कि इस योजना के तहत प्रदेश के साथ जिलेभर के बुजुर्गों को लाभ पहुंचा है।

**कार्यवाही**

### सिविल लाइंस पुलिस ने की कार्रवाई, घर पर रखा वाहन उड़ाया था

# ट्रैक्टर चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार, वाहन जब्त



**जागरण, सागर।** सिविल लाइंस पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के प्रकरण में कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना में शामिल आरोपी टीकाराम उर्फ टिक्कू पिता गनेश उर्फ जलेश अहिरवार एवं एक विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार कर चोरी गया ट्रैक्टर बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपीगण अन्य थाना क्षेत्रों के प्रकरणों में भी वांछित थे।

पुलिस ने बताया कि 9 मार्च 2026 की दर यानी रात फरियादी बब्लू पिता गनपत पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर ट्रॉली अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में अपराध क्रमांक 77/26 की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना के संबंध में लगातार विवेचना करते हुए भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किए गए। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपी टीकाराम एवं एक विधि विरुद्ध बालक की घटना में संलिप्तता सामने आई। आरोपीगण अन्य थाना क्षेत्रों के प्रकरणों में भी वांछित थे।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सिविल लाइंस आनंद सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाश कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। गिर तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर चोरी गया ट्रैक्टर जिसकी अनुमानित कीमत करीब 4 लाख रुपये है, बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा थाना बण्डा क्षेत्र से एक टैंकर चोरी करना भी स्वीकार किया गया है। उक्त संबंध में पुलिस द्वारा अग्रिम विवेचना एवं वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक मोहन मुरारी, आरक्षक रामसिंग, अजय कुर्मी एवं विपिन की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

## संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन



**जागरण, गढ़ाकोटा।** स्थानीय ऑडिटोरियम में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 70 वीं संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि अभिषेक भार्गव ने सहभागिता करते हुए अंडर-14 अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अवसर पर प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों को विधायक गोपाल भार्गव की ओर से बैग भी प्रदान किए गए। तीन दिवस तक चली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में संभाग के छह जिलों से आए छात्र-छात्राओं ने बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं योग जैसी विभिन्न खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

# एक सप्ताह में 22 नाबालिग बच्चों की दस्तयाबी की गई, परिजन हुए खुश

### सागर पुलिस ने अन्य राज्यों में भी पहुंचकर की प्रकरणों में तलाश पूरी

**जागरण, सागर।** पुलिस द्वारा नाबालिग बालक-बालिकाओं की गुमशुदगी एवं अपहरण के प्रकरणों में संवेदनशीलता, तत्परता एवं प्रभावी पुलिसिंग के साथ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विगत एक सप्ताह में सागर पुलिस ने 22 नाबालिग बालक-बालिकाओं को दस्तयाब कर सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाने में सफलता प्राप्त की है।

एसपी अनुराग सुजानिया द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि धारा 137(2) बीएनएस एवं धारा 363 भादवि के अंतर्गत पंजीबद्ध प्रकरणों में त्वरित एवं हरसंभव प्रयास करते हुए नाबालिग बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी सुनिश्चित की जाए। संबंधित थाना प्रभारियों एवं पुलिस टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग करते हुए नाबालिगों की तलाश के लिए विशेष पुलिस टीमों को सक्रिय किया गया। सागर पुलिस की टीमों द्वारा तकनीकी एवं मैदानी स्तर पर लगातार प्रयास करते हुए नाबालिगों की तलाश की गई। पुलिस टीमों ने उपलब्ध जानकारी एवं तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर संभावित स्थानों को चिन्हित किया तथा आवश्यकता पड़ने पर मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ प्रदेश के बाहर भी पहुंचकर नाबालिगों को दस्तयाब किया। एक सप्ताह की अवधि में 22 नाबालिग को दस्तयाब किया गया। नाबालिगों की दस्तयाबी के बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए उन्हें सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। लंबे समय से अपने बच्चों की तलाश में परेशान परिजनों के चेहरों पर पुलिस की इस कार्रवाई से खुशी और राहत देखने को मिली।

## शिव महापुराण कथा में शामिल हुए विधायक



**जागरण, सागर।** विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने सरोवर सरकार मंदिर में आयोजित पावन श्री शिव महापुराण कथा में शामिल होकर पं.मनोज शास्त्री महाराज के श्रीमुख से भगवान शिव की दिव्य कथा का श्रवण किया। उन्होंने भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर सभी के सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की। विधायक जैन ने कहा कि शिव महापुराण हमें भक्ति, धर्म, त्याग, सेवा और सदाचार का मार्ग दिखाता है। इस अवसर पर मंदिर परिसर में टीन शेड निर्माण में सहयोग के लिए मंदिर समिति द्वारा विधायक जैन का सम्मान किया गया।

## न्यूज कार्नर

### जांच के लिए गठित दल ने किया निरीक्षण



**दमोह।** प्रधानमंत्री आवास योजना में की गई गड़बड़ी के संबंध में तत्कालीन सचिव परशुराम पटेल के विरुद्ध की गई शिकायतों की जांच हेतु जिला पंचायत से गठित 3 सदस्य जांच दल जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हटाए जिला पंचायत दमोह में आवास शाखा प्रभारी प्रभुशंकर पांडे एवं परियोजना अधिकारी वीबीजीरामजी अभिलाषा शुक्ला द्वारा शिकायत की जांच के संबंध में ग्राम पंचायत में निर्मित आवासों का निरीक्षण किया एवं शिकायतकर्ता नरेश चौबे, कन्हैयालाल सरपंच, सचिव, तत्कालीन सचिव एवं आवास हितग्राहियों के कथन लिए शिकायत की जांच पूरी होने के पश्चात जांच प्रतिवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह को प्रस्तुत किया जाएगा।

### जिले में 740.4 मिमी बारिश दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 740.4 मिमी अर्थात 29.1 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है जो अभी तक गत वर्ष से 170.7 मिमी अर्थात 6.7 इंच कम है। इसी अवधि में गत वर्ष 911.1 मिमी अर्थात 35.8 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा पटेरा में 1096.4 मिमी दर्ज की गई है। भू अभिलेख अधीक्षक ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 596 मिमी हटा 790.8 मिमी, जबेरा में 578 मिमी पथरिया 780 मिमी, तेन्दूखेड़ा 746.2 मिमी, बटियागढ़ 596 मिमी तथा पटेरा में 1096.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 7.5 मिमी अर्थात 0.2 इंच वर्षा दर्ज की गई है। 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 22 मिमी, हटा में 4.8 मिमी, जबेरा में 6.0 मिमी पथरिया 1.0 मिमी, तेंदूखेड़ा में 10.2, बटियागढ़ 1.0 मिमी तथा पटेरा में 8.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

**ईद मिलादुन्नबी : सभी की खुशहाली की दुआ के साथ हुआ समापन, घंटाघर पर दिखा जश्न का माहौल**

# जश्ने ईद के अवसर पर निकाला विशाल जुलूस

**जागरण दमोह।** हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्म दिवस के अवसर पर जश्न ए ईद मिलाद उन नबी का पर्व शान शौकत एवं अकीदत के साथ मनाया गया परंपरागत जुलूस शहर के मुख्य मार्गो से निकला गया। बुधवार की सुबह सज्जादा नशीन हज़रत सूफी सैय्यद फैजान उल हक साहब शिराजी के हाथों परचम कुशाई के साथ मुर्शीद बाबा मैदान से जुलूस प्रारंभ हुआ। जगह-जगह लोगों ने जुलूस का इस्तकबाल किया गया। वापस मुर्शीद बाबा मैदान में देश में सभी की खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। फातिहा के साथ जलसे का समापन हुआ। इसके पूर्व शहर कमेटी की तरफ से अनेक दीनी प्रोग्राम कराए गए। शहर कमेटी ने सभी की सहयोग के लिए सभी का शुक्रिया अदा किया गया। शहर कमेटी के सदर एजाज़ आलम, नायाब सदर गुलाम दस्तगीर कुरैशी, सूफी आदिल ठेकेदार, उबैद अहमद गौरी, मोहम्मद आरिफ कुरैशी, अल्तमश जमजम, सरपरस्त मोहम्मद वहीद कुरैशी, सचिव मोहम्मद समीर कुरैशी, शमीम कुरैशी, रिजवान हुसैन, सदस्य सत्तार खान, चुन्नू पेंटर, इकबाल खान पार्षद, वकील कुरैशी, मुबीन कुरैशी, शकील भाई, जुनैद कुरैशी, जावेद मोना





कुरैशी, शुऐब अहमद, मनाज़रि खान, अकबर खान, फहीम खान, राज कुरैशी, शेख राशिद, अरमान खान, नज़र बारिश, पप्पू खान, प्रिंस खान, शेख सफीक, इकबाल कुरैशी प्रशासन के सहयोग के आभार व्यक्त किया। कुरैश मंडी वालों की तरफ से सभी को तवररूख तकसीम किया गया।



## कांग्रेस सेवादल ने संस्थापक हार्डिकर की पुण्यतिथि मनाई

**जागरण दमोह।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल के संस्थापक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एमएस हार्डिकर की 86 वीं पुण्यतिथि जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा जिला कार्यालय में मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्पाहार करते हुए जिला कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक संजय चौरसिया ने कहा कि गरीब दलित आदिवासी पिछ्ड़े वर्गो की सेवा के लिये कांग्रेस सेवादल की स्थापना की गई थी आज वह सेवाभाव कांग्रेस के अलावा किसी पार्टी में नहीं है भारतीय जनता पार्टी तो अपने नेताओं से ही छलावा कर रही है अटल जी की प्रतिमा लगाई गई तो कहा गया वह तॉबे की प्रतिमा है किन्तु एक ही वारिश में उस प्रतिमा का पालिस उतर गया और वह सीमेंट की बनी निकली। प्रदेश सेवादल सचिव वीरेन्द्र राजपूत, पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी ठाकुर, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, कमला निषाद, महिला कांग्रेस सेवादल की मुख्य संगठक सविता पटैल, बसंत कुशवाहा, सुरेन्द्र हजारी, प्रमेश सीरोठिया, डिम्पल सेन, शंभु राय ने भी उनका पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि उस वक्त के राजनेताओ की सादगी शालीन व्यक्तित्व हुआ करता थी किन्तु आज के इस दौर में भाजपाई नेता जितना गंदा बोल सकते है बोल रहे है किसी को भी शर्म नहीं आती कि हमारे बच्चे देख रहे है सुन रहे है।

**जगदीश यादव प्रांतीय महासंघ के कार्यकारिणी सदस्य बने**

**दमोह।** नगर निगम नगर पालिका पेंशनर संघ की इटारसी में बैठक आयोजित की गई जिसमें जिलाध्यक्ष द्वारका प्रसाद सेन ने बताया किया कि प्रांतीय महासंघ की कार्यकारिणी समिति में सदस्य के रूप में जगदीश यादव को निर्वाचित किया गया हैं।



### संप्रीता प्यासी का जूनियर खनिज अधिकारी पद पर चयन

**हटा।** नगर के प्यासी मोहल्ला निवासी कु. संप्रीता प्यासी ने सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हासिल कर हटा का नाम रोशन किया है।

स्व. राजेश प्यासी की सुपुत्री संप्रीता का चयन जूनियर खनिज अधिकारी के पद पर हुआ है। संप्रीता की सफलता की खबर मिलते ही परिजनों, रिश्तेदारों, मित्रों और नगरवासियों में खुशी का माहौल है। उनकी उपलब्धि को नगर की बेटियों के लिए प्रेरणादायक बताया जा रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास से हासिल की गई।

### डॉ. स्वर्णकार को किया जाएगा सम्मानित

**दमोह।** गृह मंत्रालय की घोषणा अनुसार आगामी हिन्दी दिवस पर मुंबई में 14 सितम्बर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में डॉ प्रेमचंद स्वर्णकार को उनकी हिन्दी में लिखित चिकित्सा शास्त्र की पुस्तक बीमारियां शिशुओं और बच्चों की के लिए प्रतिष्ठित राजभाषा गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह उल्लेखनीय है कि चिकित्सा विज्ञान पर हिन्दी में लेखन के लिए वे देश के अकेले व्यक्ति हैं जिन्हें तीन बार देश के राष्ट्रपति ने पुरस्कार से सम्मानित किया।

## हटा में रिमझिम फुहारों के बीच निकला भव्य जुलूस

**जागरण हटा।** पैगंबर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब के यौमे विलादत के अवसर पर बुधवार को हटा में 1501वां सालाना जुलूसे मुहम्मदी शानो-शौकत के साथ निकाला गया। रिमझिम बारिश की फुहारों के बीच निकले जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। पूरे नगर में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। जुलूस से पहले नगर को आकर्षक रोशनीए झालरों और स्वागत द्वारों से सजाया गया था। मंदिर-मस्जिद चौराहे पर स्थित जामा मस्जिद की मीनार और हरे गुंबद की विद्युत सजावट विशेष आकर्षण का केंद्र रही। सुबह सादिक के वक्त जामा मस्जिद में उम्मते मुस्लिमा द्वारा दुरूद शरीफ का नजराना पेश कर सलातो.सलाम पढ़ा गया। इसके बाद सुबह 8 बजे मदार चिल्ला मस्जिद मैदान स्थित गुर्ज पर परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। परचम कुशाई के बाद जुलूसे मुहम्मदी नगर के प्रमुख मार्गों से निकला। जुलूस का जगह-जगह लोगों ने



इस्तकबाल किया और स्वागत द्वारों पर अकीदतमंदों का उत्साह देखते ही बना। आजाद वार्ड, रमा कवि वार्ड, खचना नाका और अंधियारा बगीचा सहित विभिन्न स्थानों पर आकर्षक सजावट की गई थी। खाना ए काबा और हजरत मुहम्मद साहब के रोजा ए मुबारक के अक्स पर आधारित सजाए गए सीन भी आकर्षण का केंद्र रहे।

बारिश की रिमझिम फुहारों के बावजूद जुलूस में शामिल लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। जुलूस के दौरान धार्मिक नारों और सलातो-सलाम की गूंज से नगर का माहौल भक्तिमय बना रहा। जुलूसे मुहम्मदी को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

जुलूस मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा और यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखी गई। शांतिपूर्ण माहौल में जुलूस के संपन्न होने पर आयोजकों और प्रशासन ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## नोहटा एवं हटा में मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण

**जागरण दमोह।** खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर ग्राहकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हटा नगर स्थित विभिन्न मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया गया। कार्यवाही में हटा नगर में मंदिर मस्जिद चौराहा स्थित श्री जय बजरंग मिष्ठान भंडार का निरीक्षण किया गया। मौके पर परिसर में संग्रहित मलाई बर्फी एवं मिल्क केक के नमूने जांच हेतु लिए हुए। आजाद वार्ड हटा स्थित न्यू बजरंग स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में परिसर में संग्रहित पनीर एवं मलाई बर्फी के नमूने जांच हेतु लिए गए। इसी तरह अंधियारा बगीचा, हटा स्थित गफ्लू स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। मौके पर परिसर में संग्रहित गुलाब बर्फी का नमूना जांच हेतु लिया गया। इसी तरह ग्राम नोहटा में बस स्टैंड के पास स्थित नेमा मिष्ठान भंडार का निरीक्षण किया गया। मौके पर परिसर में संग्रहित पनीर का नमूना जांच हेतु लिया गया। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# त्यौहार पर निर्माण कार्य से सर्वोदय चौक पर लगा जाम, एक-एक किलोमीटर तक वाहनों की कतार

**सड़क के बीच जेसीबी ट्रैक्टर खड़े कर हटाया गया मलबा : बढ़ती भीड़ के बीच यातायात हुआ प्रभावित**





**बीना जागरण।** सर्वोदय चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने के लिए डिवाइडर निर्माण का काम इन दिनों वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। रक्षाबंधन त्यौहार के मौके पर बाजार में बढ़ी भीड़ के बीच नगर पालिका के ठेकेदार निशांत ठाकुर नौगांव द्वारा सड़क के बीचोंबीच निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। इसके चलते सर्वोदय चौक के दोनों ओर करीब एक-एक किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार लग गई थीं।

वाहन रेंगते हुए नजर आए और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शाह पेट्रोल पंप से सर्वोदय चौक तक सड़क के बीच करीब डेढ़ से दो फीट चौड़ाई में कई मीटर तक डामर का मलबा पिछले करीब पांच दिनों से पड़ा था। बुधवार को रक्षाबंधन के दिन जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर मलबा हटाने का काम शुरू किया गया। सड़क पर ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी खड़े होने के साथ आसपास फल-सब्जियों के ठेले लगे होने से यातायात व्यवस्था और बिगड़ गई। त्यौहार के कारण लगातार बढ़ रही भीड़ के बावजूद कुछ समय तक काम जारी रहा। बाद में पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और यातायात व्यवस्था संभालने का प्रयास किया।

**पांच दिन से पड़ा था मलबा**

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के बीच मलबा करीब पांच दिनों से पड़ा था, लेकिन इसे हटाने का काम त्यौहार के दिन शुरू किया गया। राहगीरों ने निर्माण कार्य रात के समय कराने का आग्रह किया, लेकिन मशीन उपलब्ध नहीं होने की बात कही गई। बढ़ती परेशानी को देखते हुए नगर पालिका सीएमओ से शिकायत की गई। इसके बाद सीएमओ के निर्देश पर काम बंद कराया गया। यह कार्य महाकाल कंस्ट्रक्शन भोपाल की फर्म द्वारा ट्रैफिक सिग्नल स्थापना के तहत कराया जा रहा है। बीना में कार्य की देखरेख यासी कंस्ट्रक्शन के निशांत ठाकुर द्वारा किए जाने की जानकारी सामने आई है। लोगों का कहना है कि रक्षाबंधन पर बाजार में भीड़ बढ़ने की जानकारी पहले से रहती है, ऐसे में निर्माण कार्य का समय यातायात कम होने के अनुसार निर्धारित किया जाना चाहिए था।

**हाल ही बनी सड़क को फिर खोदा**

डिवाइडर निर्माण के लिए जिस सड़क को खोदा गया है, उसका एक हिस्सा हाल ही में बनाया गया था।

डामर की कमी के कारण सड़क निर्माण पहले बीच में रुक गया था। निर्माण पूरा होने के करीब एक माह के भीतर ही सड़क को दोबारा खोदे जाने से कार्यों के समन्वय पर सवाल उठ रहे हैं।

**रात में हादसे का खतरा**

सड़क के बीच पड़ा मलबा रात के समय वाहन चालकों के लिए खतरा बन सकता था।

स्ट्रीट लाइट बंद रहने और सामने से आने वाले वाहनों की तेज रोशनी के कारण मलबा देर से दिखाई देने पर दोपहिया वाहन चालक असंतुलित हो सकते हैं। तेज रफ्तार वाहनों के मलबे से टकराने की आशंका भी बनी हुई थी।

गांधी चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने का काम पूरा हो चुका है, हालांकि अभी सिग्नल चालू नहीं किए गए हैं। इसके बाद सर्वोदय चौक पर सिग्नल लगाए जाने हैं। नागरिकों ने मांग की है कि निर्माण कार्य यातायात कम होने के समय कराया जाए, ताकि विकास कार्यों के साथ आम लोगों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

## विपरीत परिस्थितियों से जूझकर रुकमणी बनी मध्यप्रदेश पुलिस में आरक्षक



**खुरई जागरण।** पथरिया जेगन गांव की छात्रा कुमारी रुकमणी चढ़ार पिता स्वर्गीय बद्री प्रसाद चढ़ार का वर्ष 2026 में मध्यप्रदेश पुलिस में चयन हुआ है। उनकी सफलता से परिवार के साथ गांव और विद्यालय में भी खुशी का माहौल है। रुकमणी का चयन दिल्ली पुलिस में भी हुआ था, लेकिन उन्होंने मध्यप्रदेश पुलिस में सेवा देने का निर्णय लिया। रुकमणी ने वर्ष 2006 से 2014 तक एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला पथरिया जेगन में कक्षा पहली से आठवीं तक की पढ़ाई की। इसके बाद हाईस्कूल पथरिया जेगन ग्रामीण क्षेत्र से कक्षा नौवीं और दसवीं की शिक्षा पूरी की।

**पिता के निधन के बाद संभाली परिवार की जिम्मेदारी**

पिता के निधन के बाद रुकमणी ने परिवार की जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने अपनी दो छोटी बहनों की पढ़ाई जारी रखवाई। परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए घर पर सिलाई और ब्यूटी पार्लर का काम शुरू किया।

इसके माध्यम से उन्होंने मां, भाई, भाभी और बहनों को भी रोजगार से जोड़ा। उन्होंने अपनी छोटी बहन की शादी की जिम्मेदारी भी निभाई। रुकमणी की सफलता पर विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता जताई।

प्रधानाध्यापक दयाराम अहिरवार सहित शिक्षक मुकेश मिश्रा, गायत्री राजपूत, माया कोरी, रीना मिश्रा, सूरजदेवी, कृपाल सिंह अहिरवार और कुमारी चांदनी चौबे ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षकों ने कहा कि रुकमणी ने विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए शिक्षा और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच बेहतर तालमेल बनाया। पुलिस सेवा में चयनित होकर उन्होंने विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया है।

## तेज रफ्तार बोलेरो ने साइकिल सवार 13 वर्षीय छात्र को रौंदा



**बीना जागरण।** बुधवार को खिमलासा हाईस्कूल के सामने तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से साइकिल सवार 13 वर्षीय छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह सड़क किनारे लगी लोहे की रैलिंग तोड़ते हुए ग्राम पंचायत की दीवार से जा टकराई।

जानकारी अनुसार ऊदम बंजारा महिंद्रा बोलेरो क्रमांक एमपी 15 टी 1656 से जा रहे थे। बताया जा रहा है कि हाईस्कूल और बस स्टैंड के सामने चालक को ब्रेक लगाना था, लेकिन पैर अचानक एक्सीलेटर पर दब गया। इससे वाहन तेज रफ्तार हो गया और चालक नियंत्रण नहीं रख सका। इसी दौरान समीर अहिरवार आयु 13 वर्ष पिता जगदीश अहिरवार साइकिल से कोचिंग जाने के लिए सड़क से गुजर रहा था। बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद छात्र वाहन के नीचे दब गया और उसकी साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई।

**ग्रामीणों ने वाहन के नीचे से निकाला**

हादसा होते ही मौके पर मौजूद ग्रामीण मदद के लिए दौड़े। काफी मशक्कत के बाद छात्र को बोलेरो के नीचे से बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में उसे 112 की मदद से बीना सिविल अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों ने छात्र की हालत गंभीर बताई है।

**चालक को पुलिस के हवाले किया**

हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चालक के साथ हाथापाई की और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही खिमलासा थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जेसीबी की मदद से दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो को हटवाकर थाने पहुंचाया। पुलिस वाहन के दस्तावेज, चालक का लाइसेंस और हादसे के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी में बोलेरो ग्राम निवारी निवासी देवी पटेल की बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राकेश सीरोठिया को पुण्यतिथि पर किया नमन





**बीना जागरण।** सहज, सरल और विनम्र व्यक्तित्व के धनी तथा राजनीति में रहते हुए संत समान जीवन जीने वाले पं. स्व.राकेश सिरोठिया की 21वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित स्व.राकेश सिरोठिया पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजनेताओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और नागरिकों ने पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। स्व.सिरोठिया मध्यप्रदेश की राजनीति में अपनी अलग पहचान रखते थे। उन्होंने मध्यप्रदेश भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सहित कई महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके सार्वजनिक जीवन, सादगी, विनम्रता और जनसेवा के प्रति समर्पण को याद करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक धरमू राय एवं डॉ. विनोद पंथी, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुनील समैया, अनंत आचवल, पं.दशरथ लाल पुरोहित सहित अन्य वक्ताओं ने स्व.सिरोठिया के जीवन से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों को साझा किया। वक्ताओं ने कहा कि राजनीति में सक्रिय रहते हुए भी उन्होंने सादगी और सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया। उनका व्यवहार और आचरण आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम का संचालन राम शर्मा ने किया। सिरोठिया परिवार की ओर से सुनील सिरोठिया, रविन्द्र सिरोठिया, स्व.राकेश सिरोठिया के सुपुत्र सौरभ सिरोठिया एवं शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्व.सिरोठिया के शुभचिंतक और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### त्यौहार पर रीवा-भोपाल के लिये स्पेशल ट्रेन

**बीना जागरण।** रक्षाबंधन पर बढ़ने वाले यात्रीभार को देखते हुए रेलवे ने भोपाल-रीवा के बीच कई स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों का लाभ बीना के यात्रियों को भी मिलेगा।

स्पेशल ट्रेनें बीना स्टेशन पर ठहराव लेकर चलेंगी, जिससे त्योहार के दौरान भोपाल, सागर, दमोह, कटनी और रीवा की ओर आने-जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 02155 भोपाल-रीवा स्पेशल 25 अगस्त को रात 10:25 बजे भोपाल से रवाना होकर विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर और सतना होते हुए अगले दिन सुबह 7:20 बजे रीवा पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 02156 रीवा-भोपाल स्पेशल 26 अगस्त को शाम 6:35 बजे रीवा से चलेगी और बीना होते हुए अगले दिन सुबह 4:30 बजे भोपाल पहुंचेगी।

### चौधरी ने संभाग स्तरीय बैडमिंटन में जीता स्वर्ण पदक




**खुरई जागरण।** दिल्ली पब्लिक स्कूल खुरई के प्रतिभावान छात्र एवं बैडमिंटन खिलाड़ी विवान चौधरी ने 70वीं सागर संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। विवान ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और खुरई शहर का नाम रोशन किया। तीन दिवसीय संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 25 अगस्त तक गढ़ाकोटा के गोपाल जी खेल परिसर, डॉ. भीमराव आंबेडकर इंडोर स्टेडियम एवं नटराज ऑडिटोरियम में किया गया। प्रतियोगिता में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, योग सहित विभिन्न खेलों में संभाग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में विवान ने विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों के साथ मुकाबला किया। उन्होंने आत्मविश्वास, मेहनत और शानदार खेल कौशल का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पराजित किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें गोल्ड मेडल एवं प्रथम स्थान का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। उनकी उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य अंजुला रतन ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज कार्नर

### शराब से भरा चार पहिया वाहन पकड़ा

**जागरण, भगवां।** बड़ामलहरा पुलिस अनुभाग के अंतर्गत बमनौरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 पेटी अवैध शराब से भरे चार पहिया वाहन को पकड़ा है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने वाहन में सवार 1 आरोपी को भी हिरासत में लिया है जानकारी के अनुसार, बमनौरा थाना प्रभारी अभिषेक पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम एवं ठेकेदार टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। टीम ने टीकमगढ़-सागर रोड स्थित खेरा पुलिया के पास संदिग्ध चार पहिया वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से चार पहिया वाहन और अवैध शराब को जब्त कर लिया है, वहीं वाहन में मौजूद 1 आरोपी को पकड़कर पूछताछ शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब कहां से लाई गई थी और इसे कहां खपाने की तैयारी थी बमनौरा पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्रवाई माना जा रहा है। मामले में पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### अपहरण व मारपीट के मामले में तीन हजार का इनामी मोन्टू राजा गिरफ्तार

**जागरण, छतरपुर ।** माह नवंबर वर्ष 2025 में थाना भगवा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झिंगरी खेत से पीड़ित का अपहरण कर जंगल में ले जाकर मारपीट संबंधी प्रकरण में 3 आरोपी राजा भैया निवासी ग्राम खैरी, सत्यम राजा निवासी ग्राम खैरी, सेवेंद्र सिंह निवासी ग्राम गढ़ीपुरा नरवा थाना शाहगढ़ जिला सागर को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधीक्षक छतरपुर रजत सकलेचा द्वारा फरार 3000 के शेष इनामी आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम को निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा 3000 के इनामी फरार शेष आरोपी, मोन्टू राजा उर्फ राघवेंद्र सिंह पिता वीर सिंह बुंदेला निवासी ग्राम खैरी, थाना भगवां को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त मोटू राजा मारपीट, अपहरण, जुआ, एससी एसटी जैसे 9 अपराध में लिप्त है।

**महिला बाल विकास अधिकारी को 48 घंटे में आंगनबाड़ी निर्माण प्रारंभ करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश**

# कलेक्टर ने ग्राम ढोढ़न, पलकौन्हा में तीन घंटे तक की जमीन पर बैठकर जनसुनवाई



**जागरण, छतरपुर।** केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत प्रभावित ग्राम ढोढन् और पलकौन्हा में लगाए गए शिविर का फॉलोअप लेने के लिए बुधवार को कलेक्टर मृणाल मीना ने ग्रामीणों के बीच बैठकर करीब तीन घंटे तक जनसुनवाई की और प्रत्येक ग्रामीण की व्यथा, पीड़ा और समस्याओं को एक-एक कर सुना। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम विजय द्विवेदी सहित राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों के बैंक खातों में मुआवजा राशि का भुगतान विफल हुआ है, उनके बैंक खाते संबंधी विवरण शीघ्र ही अपडेट कर पुनः भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे हितग्राही परेशान न हों, पात्र हितग्राहियों के खातों में राशि शीघ्र पहुंचाई जाएगी। शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों में पात्र हितग्राहियों के पुनर्वास पैकेज की राशि भी नियमानुसार प्रक्रियाधीन है। जिन विस्थापित लोगों के पास आयु संबधी दस्तावेज नहीं है। उनकी आयु निर्धारण के लिए लगातार जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण किया जा रहा है। आयु संबंधी संदेह वाले व्यक्तियों का अगर कभी स्कूल में दाखिला नहीं हुआ तो विशेष रूप से उनका मेडिकल परीक्षण जिला अस्पताल में कराया जा रहा है। डॉक्टर की मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आयु का निर्धारण किया जाएगा और पात्र व्यक्तियों को ही पुनर्वास पैकेज का लाभ मिलेगा।

**पुनर्वास राशि का सदुपयोग कर मकान निर्माण शुरू करें**

कलेक्टर ने ग्रामीणों से अपील की कि जिन परिवारों को मुआवजा एवं पुनर्वास राशि प्राप्त हो चुकी है, वे राशि का सदुपयोग करते हुए प्राथमिकता से अपने मकान का निर्माण शुरू करें। उन्होंने कहा कि राशि का दुरुपयोग न करें। जिन परिवारों के मकान बन चुके हैं, वे बिना किसी भ्रम के स्वेच्छा से विस्थापित ग्राम से अन्य स्थान पर शिफ्ट हो जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुनर्वास पैकेज की राशि निर्धारित नियम एवं प्रक्रिया के अनुसार पात्र हितग्राहियों को ही दी जाएगी। सामूहिक बसाहट के लिए प्रशासन ग्रामीणों को जमीन चिन्हित कर प्रदाय करेगा। कलेक्टर ने कहा कि यदि प्रभावित ग्रामों के लोग एक स्थान पर एक साथ बसना चाहते हैं तो प्रशासन द्वारा संवेदनशीलता दिखाते हुए उपयुक्त जमीन चिन्हित कर जमीन उपलब्ध कराने में सहयोग किया जाएगा। उन्होंने करौंदिया में मकान निर्माण के लिए आवंटित जमीन पर समय पर मकान निर्माण शुरू करने को कहा।

**करौंदिया में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने कार्य जारी**

कलेक्टर ने बताया कि करौंदिया में मकान निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने के साथ महिला एवं बाल विकास अधिकारी को 48 घंटे के भीतर अस्थायी आंगनवाड़ी निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वास्थ्य एवं विद्युत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शैक्षणिक गतिविधियां भी शुरू की जाएंगी। सड़कों की मरम्मत का कार्य किया गया है तथा वर्तमान में बोरवेल और हैंडपंप के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था की गई है। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक घर को जल जीवन मिशन से जोड़ने के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिए। धार्मिक स्थलों को भी किया पूरी रीति रिवाज के साथ शिफ्ट किया जाएगा। कलेक्टर ने ग्रामीण को बताया कि विस्थापित ग्रामों के जो धार्मिक स्थल हैं उन स्थलों एवं मूर्तियों को सांस्कृतिक एवं धार्मिक रीति रिवाज के साथ जहां ग्रामीण एक साथ बसाहट में अपने घर बनाएं वहां शिफ्ट किया जाएगा। कलेक्टर ने डैम साइट का भी निरीक्षण कर निर्माण कार्य कर रही एनसीसी कंपनी के अधिकारियों को डैम साइट की सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## विकास के दावों के बीच पुलिया की राह देख रहा रानीखेड़ा

**जागरण, बड़ामलहरा ।** सरकार और प्रशासन भले ही गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के दावे कर रहे हों लेकिन जमीनी हकीकत कई जगह इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है।ग्राम पंचायत सूरजपुरा खुर्द के अंतर्गत आने वाला ग्राम रानीखेड़ा ऐसी ही बदहाल तस्वीर सामने ला रहा है जहां बारिश शुरू होते ही ग्रामीणों की मुश्किलें कई गुना बढ़ जाती हैं। ग्रामीणों चंदू यादव और बलराम यादव ने बुंदेली चुगली के माइक पर अपनी समस्याएं साझा करते हुए बताया कि गांव तक पहुंचने वाला मार्ग बारिश के मौसम में बेहद खराब हो जाता है और बीच रास्ते में संपर्क टूटने जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है। ऐसे में ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### गंभीर मरीजों के लिए रास्ता बना मुसीबत

ग्रामीणों का कहना है कि सबसे गंभीर स्थिति उस समय बनती है जब गांव में कोई व्यक्ति अचानक बीमार पड़ जाता है। खराब मार्ग और पुलिया की समस्या के कारण मरीज को समय पर अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जाता है।ग्रामीणों के मुताबिक कई बार गंभीर मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाने के कारण गांव में ही दम तोडने़ जैसी पीड़ादायक स्थिति का सामना करना पड़ा है।

### स्वतंत्रता दिवस पर भी दिखी बदहाली

समस्या की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्वतंत्रता दिवस 2026 पर ध्वजारोहण के लिए भी गांव के नन्हे-मुन्ने बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच सके।बारिश और बदहाल पहुंच मार्ग ने बच्चों की राह रोक दी।सवाल यह है कि जिस रास्ते से बच्चे अपने स्कूल तक सुरक्षित नहीं पहुंच पा रहे उस रास्ते से विकास की योजनाएं आखिर गांव तक कैसे पहुंचेंगी?

### अब चुनाव में जवाब देंगे ग्रामीणों में आक्रोश

लगातार उपेक्षा से नाराज ग्रामीणों में आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि उनकी मूलभूत समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वर्ष 2027-28 में होने वाले चुनावों में मतदान के बहिष्कार पर विचार किया जाएगा। हालांकि लोकतंत्र में मतदान नागरिकों का महत्वपूर्ण अधिकार है लेकिन ग्रामीणों की यह नाराजगी प्रशासन के लिए निश्चित तौर पर गंभीर चेतावनी है कि सड़क, पुलिया और आवागमन जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री से लेकर जिला प्रशासन तक लगाई गुहार- ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव,छतरपुर कलेक्टर मृणाल मीणा तथा जनपद पंचायत के सी ई ओ वर्मा से रानीखेड़ा में आवश्यक पुलिया एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है बुनियादी सुविधा की जरूरत है

## बागेश्वर धाम में आठवां ऑनलाइन हनुमान चालीसा हवन आज




**छतरपुर।** बागेश्वर धाम में पिछले 7 माह से चले आ रहे मासिक अनुष्ठान के क्रम में गुरुवार को रात 9 बजे से आठवां ऑनलाइन श्री हनुमान चालीसा हवन आयोजित होगा। यह विशेष सिद्ध अनुष्ठान दैहिक, दैविक एवं भौतिक बाधाओं से निवारण की कामना के लिए आयोजित हो रहा है। बागेश्वर महाराज के सानिध्य में होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान से देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के साधक ऑनलाइन जुड़ेंगे। बागेश्वर धाम आने में असमर्थ हजारों लोग ऑनलाइन श्री हनुमान चालीसा हवन से जुड़कर अपनी समस्याओं से मुक्ति पा रहे हैं। विद्वान ब्राह्मणों के मार्गदर्शन में ऑनलाइन हवन में साधक अपने घर से ही आस्था के साथ शामिल होकर हनुमान चालीसा हवन में सहभागिता कर सकेंगे। इस दौरान श्रद्धालु संकटों से मुक्ति, सुख-शांति और परिवार के मंगल की कामना के साथ हवन में आहुति देंगे। बागेश्वर धाम की ओर से आयोजित इस ऑनलाइन धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। पूर्व की भांति इस बार भी बड़ी संख्या में साधकों के ऑनलाइन माध्यम से जुडने् की उम्मीद है। श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया यह सामूहिक अनुष्ठान साधकों के लिए आध्यात्मिक रूप से विशेष अनुभव होगा।

## दो माह से राशन के इंतजार में ग्रामीण, उचित मूल्य दुकान की अनियमितता से बढ़ा आक्रोश

**हरपालपुर।** नौगांव अनुविभाग अंतर्गत ग्राम इमिलिया स्थित सेवा सहकारी समिति की शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन वितरण व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में असंतोष गहराता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि उचित मूल्य की दुकान नियमित रूप से नहीं खुलती, जिसके चलते अनेक पात्र हितग्राही अपने हिस्से के खाद्यान्न से वंचित हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले करीब दो माह से राशन नहीं मिलने के कारण गरीब परिवारों के सामने गंभीर परेशानी उत्पन्न हो गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि दुकान महीने में महज दो से चार दिन ही खुलती है। ऐसे में दूर-दराज से राशन लेने पहुंचने वाले हितग्राहियों को कई बार दुकान बंद मिलने के कारण निराश होकर लौटना पड़ता है। ग्रामीणों के मुताबिक, दुकान बंद होने पर कभी मशीन खराब होने तो कभी सर्वर की समस्या का हवाला दिया जाता है। बाद में कई हितग्राहियों को यह कहकर वापस कर दिया जाता है कि राशन वितरण की निर्धारित अवधि समाप्त हो चुकी है। त्यौहार के समय भी दुकान बंद रहने का आरोप ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण त्योहार से पूर्व भी उचित मूल्य की दुकान नियमित रूप से संचालित नहीं हुई। बारिश के मौसम में बुजुर्गों, महिलाओं और जरूरतमंद हितग्राहियों को दुकान खुलने की प्रतीक्षा में परेशानी उठानी पड़ी। ग्रामीणों ने दुकान के सेल्समैन पुष्पेंद्र राजपूत पर कथित मनमानी एवं लापरवाही के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। हालांकि, ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हो सकी है।

**गरीब परिवारों के हक के राशन पर सवाल**

शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से मिलने वाला खाद्यान्न गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए जीवनयापन का महत्वपूर्ण आधार है। ऐसे में यदि राशन वितरण केंद्र निर्धारित समय पर नियमित रूप से संचालित नहीं होते हैं, तो इसका सीधा असर पात्र हितग्राहियों पर पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इमिलिया की उचित मूल्य दुकान के संचालन एवं राशन वितरण व्यवस्था की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा पात्र हितग्राहियों को लंबित राशन दिलाया जाए। ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि दुकान के निर्धारित संचालन दिवस एवं समय सार्वजनिक किए जाएं, ताकि हितग्राहियों को अनावश्यक रूप से दुकान के चक्कर न लगाने पड़ें। यदि जांच में अनियमितता अथवा लापरवाही प्रमाणित होती है तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

**प्रशासन के हस्तक्षेप की उम्मीद**

मामला प्रशासन के संज्ञान में आने के बाद नौगांव एसडीएम गोपाल शरण पटेल ने कहा, आपके द्वारा सूचना प्राप्त हुई है। जांच कर दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। अब ग्रामीणों की निगाह प्रशासन की जांच और आगामी कार्रवाई पर टिकी है।

**आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर एसजीएस कॉलेज में युवा संवाद, राष्ट्र निर्माण और भारतीय संस्कृति पर हुआ मंथन**

# युवा शक्ति ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला : कैलाशचंद्र

**जागरण, गंजबासौदा।**




युवा शक्ति ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। राष्ट्र निर्माण के लिए केवल आधुनिक शिक्षा और तकनीकी दक्षता पर्याप्त नहीं है, बल्कि संस्कार, सेवा, अनुशासन और समर्पण का भाव भी आवश्यक है। जिस युवा में अपने राष्ट्र, समाज और संस्कृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव होगा, वही देश को सही दिशा देने में सक्षम होगा। उक्त उद्गार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला इकाई द्वारा एसजीएस कॉलेज में का आयोजित हुए युवा संवाद कार्यक्रम में संघ के मध्य क्षेत्र प्रचार प्रमुख कैलाशचंद्र ने मुख्य वक्त के रूप में युवाओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता विनोद गर्ग ने की। उत्साह, ऊर्जा और राष्ट्र भाव से परिपूर्ण वातावरण में हुए इस कार्यक्रम में युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका, भारतीय संस्कृति, संस्कार, सेवा और समर्पण जैसे विषयों पर भी गंभीर मंथन हुआ। दीप प्रज्वलन के साथ मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में युवाओं ने विभिन्न विषयों को लेकर अपनी जिज्ञासाएं और प्रश्न रखे, जिनका कैलाशचंद्र ने सहजता और तार्किक ढंग से जवाब देते हुए मार्गदर्शन किया। युवाओं को संबोधित करते हुए कैलाशचंद्र ने कहा कि भारत को केवल जानने से भारत की पहचान पूरी तरह नहीं समझी जा सकती, भारत को मानना भी होगा। हमारे पूर्वजों ने भारत को केवल एक भूखंड के रूप में नहीं देखा, बल्कि इसे एक जीवंत सांस्कृतिक चेतना के रूप में स्वीकार किया। भारतीय मनीषियों ने पहले स्वयं को बनाने और उसके बाद समाज एवं राष्ट्र के निर्माण की बात कही। इसलिए राष्ट्र निर्माण की शुरुआत व्यक्ति के स्वयं के चरित्र निर्माण से होती है।

उन्होंने भारतीय दर्शन और संस्कृति की चर्चा करते हुए कहा कि हमारी सभ्यता का विकास केवल भौतिक उपलब्धियों पर आधारित नहीं रहा। हमारी संस्कृति ने जीवन में ज्ञान, मूल्य, कर्तव्य और लोककल्याण को प्रमुखता दी। हमारे मनीषियों ने जो ज्ञान दिया, वह केवल किसी एक व्यक्ति या वर्ग के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के कल्याण की दृष्टि से था। उन्होंने युवाओं को आगाह करते हुए कहा कि आधुनिकता को स्वीकार करना समय की आवश्यकता है, लेकिन आधुनिकता के नाम पर अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कटना उचित नहीं है। बदलती परिस्थितियों और बाजारवादी प्रभाव के बीच युवाओं को यह तय करना होगा कि उन्हें तकनीक और आधुनिक ज्ञान का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए करना है या केवल उपभोक्तावादी जीवनशैली का हिस्सा बनना है। उन्होंने कहा कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी युवा आबादी के साथ-साथ उसकी संस्कृति, सामाजिक एकता और सेवा की भावना में निहित है। यदि युवा अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाएं तो भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का लक्ष्य और मजबूत हो सकता है।

### आंदोलन में अराजकता पर युवाओं ने उठाया भाषा और व्यवहार का सवाल

युवा संवाद के दौरान दिल्ली में हाल में हुए आंदोलनों के तौर-तरीकों को लेकर भी युवाओं ने सवाल उठाए। युवाओं की जिज्ञासा थी कि अपनी मांगों के लिए सड़क पर उतरना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन क्या आंदोलन के दौरान अभद्र भाषा, व्यक्तिगत अपमान और ऐसी अभिव्यक्ति उचित मानी जा सकती है, जो भारतीय सामाजिक और सांस्कृतिक मर्यादाओं से मेल न खाती हो? युवा संवाद का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष प्रश्नोत्तर सत्र रहा। नगर के युवाओं ने भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद, शिक्षा, पश्चिमी उपभोक्तावाद, वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों और युवाओं की जिम्मेदारियों से जुड़े सवाल किए। कैलाशचंद्र ने प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देते हुए युवाओं से कहा कि प्रश्न पूछना जागरूकता का संकेत है और अपने विचारों को तर्क, अध्ययन एवं अनुभव के आधार पर विकसित करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। पूरे आयोजन में युवा शक्ति, वैचारिक जागरण, भारतीय संस्कृति और राष्ट्र निर्माण को लेकर सकारात्मक वातावरण बना रहा। आयोजकों ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में ऐसे संवादों का उद्देश्य युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी, स्वयंसेवक, महाविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## समरसता संकल्प अभियान के तहत लटेरी क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा



**जागरण, लटेरी।** क्षेत्रीय विधायक आदरणीय उमाकांत शर्मा के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज समरसता संकल्प अभियान के तहत पवित्र कलश यात्रा आज लटेरी विकासखंड के ग्रामों में निकाली गई। यह पवित्र कलश यात्रा आज ग्राम बलरामपुर, मुरवास, मूडरा सागर एवं बड़ी मदगन पहुंची। जहाँ ग्रामवासियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया और कलश की पूजा-अर्चना की। यात्रा के साथ चल रहे महाराज जी ने बताया कि इस कलश में काशी स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के जन्म स्थल की पवित्र मिट्टी रखी हुई है। यह यात्रा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के %सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास% और समरसता के संकल्प को लेकर पूरे मध्यप्रदेश में ग्राम-ग्राम भ्रमण कर रही है। जिसमें मध्यप्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का भी विशेष संकल्प निहित है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रामगुलाम राजोरिया ने कलश पूजन कर ग्रामीणों को यात्रा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह बघेल, भारत सिंह राजपूत, जिला मंत्री राजकरन बघेल, नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि श्री अत्तू भंडारी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री परमानंद जी कुशवाह, मंडल महामंत्री श्री जितेंद्र रघुवंशी, सेवानिवृत्त रेंजर श्री अहिरवार जी, पार्षद श्री रणधीर ठाकुर, श्री पवन कुशवाह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, अहिरवार समाज के वरिष्ठजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में सभी ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के जयघोष के साथ समरसता का संकल्प लिया।

## आंगनबाड़ी भवन के लिए भूमि चिन्हित, अतिक्रमण हटाने के निर्देश



**जागरण, गंजबासौदा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओपी सनोडिया ने सोमवार को बासौदा विकासखंड की ग्राम पंचायत रबरयाई का भ्रमण कर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गांव में आंगनवाड़ी भवन के निर्माण के लिए भूमि का चिन्हांकन कराया तथा संबंधित अधिकारियों को चिन्हित भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी भवन के लिए चयनित भूमि को शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, ताकि भवन निर्माण की प्रक्रिया समय पर प्रारंभ की जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से आवश्यक कार्रवाई निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा। भ्रमण के दौरान श्री सनोडिया ने ग्राम पंचायत रबरयाई में निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए मौके पर उपलब्ध निर्माण सामग्री, कार्य की गुणवत्ता तथा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधितों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि ग्राम स्तर पर संचालित विकास एवं निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण आवश्यक है, ताकि योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को समय पर मिल सके और निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों। उन्होंने पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विकास कार्यों की सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की उप संचालक श्रीमती विनीता लोढ़ा, तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मगन दुबे की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा, अन्नपूर्णा सेवा समिति को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प



**जागरण, गंजबासौदा।** मां अन्नपूर्णा सेवा समिति के संस्थापक एवं सेवा भावी कार्यकर्ता मगन दुबे के असमय निधन पर मानस भवन में बुधवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में नगर के सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक, राजनीतिक एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर स्वर्गीय मगन दुबे को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान मगन की स्मृति में परिजनों द्वारा उनकी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए नगर की दो गौशाला खेड़ापति श्रीराम-जानकी गौशाला एवं निस्वार्थ गौशाला के लिए 2,100-2,100 एवं मगन के वजन के बराबर गोग्रास भेंट किया गया। श्रद्धांजलि सभा में विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभा में वक्ताओं ने कहा कि मगन दुबे का असमय निधन केवल उनके परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे नगर की क्षति है। उन्होंने समाज के जरूरतमंद और निर्धन लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था को अपना जीवन-संकल्प बनाया। इसी सेवाभाव को संस्थागत रूप देते हुए उन्होंने मां अन्नपूर्णा सेवा समिति की स्थापना की, जिसके माध्यम से जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि मगन दुबे की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने सेवा को केवल व्यक्तिगत प्रयास तक सीमित नहीं रखा, बल्कि नगर के लोगों को इससे जोड़कर इसे सामूहिक सेवा का स्वरूप दिया। वे स्वयं सहयोग जुटाते, लोगों को प्रेरित करते और यह सुनिश्चित करते कि जरूरतमंद तक भोजन पहुंच सके। उनके प्रयासों से अनेक लोगों में अन्नदान और जरूरतमंदों की सहायता के प्रति नई भावना जागृत हुई। सभा में यह भाव भी प्रमुखता से सामने आया कि मगन दुबे आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका सेवा-संकल्प जीवित रहना चाहिए। मां अन्नपूर्णा सेवा समिति के माध्यम से चल रहे कार्य को रुकने नहीं दिया जाएगा। नगर के सेवाभावी नागरिकों, सामाजिक संगठनों और दानदाताओं से सहयोग लेकर इस सेवा कार्य को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

मगन दुबे ने जिस भावना के साथ जरूरतमंदों की थाली भरने का कार्य शुरू किया था, अब उसे आगे बढ़ाना पूरे नगर की जिम्मेदारी है। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित नागरिकों ने भी मां अन्नपूर्णा सेवा समिति के कार्यों में यथासंभव सहयोग देने की भावना व्यक्त की। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय मगन दुबे को श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### श्रमिकों और नियोक्ताओं को मिलेगा डिजिटल रोजगार मंच

**गुना।** श्रम पदाधिकारी द्वारा श्रमिकों एवं नियोक्ताओं को एक डिजिटल मंच से जोडने् के उद्देश्य से डिजिटल लेबर चौक ऐप का औपचारिक शुभारंभ किया गया। ऐप के माध्यम से श्रमिकों को पारदर्शी, त्वरित एवं सुरक्षित रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा नियोक्ताओं को स्थानीय स्तर पर योग्य श्रमिकों से सीधे जोडने् की सुविधा मिलेगी। ऐप के माध्यम से जिले के निर्माण, कृषि, घरेलू एवं अन्य असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिक अपना पंजीकरण कर सकेंगे।

### शुभम गौड़ मालदीव में निभाएंगे अंतरराष्ट्रीय निर्णायक की भूमिका

**गुना।** खेल जगत में गुना जिले का नाम एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है। बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने जिले के होनहार एवं बीएफआई क्वालिफाइड रेफरी शुभम गौड़ का चयन मालदीव में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में निर्णायक (रेफरी) के रूप में किया है। इस प्रतियोगिता के लिए पूरे मध्य प्रदेश से एकमात्र रेफरी के रूप में शुभम गौड़ का चयन होना जिले के लिए अत्यंत गौरव की बात है।

## न्यूज कार्नर

### राज्य कौशल प्रतियोगिता का आयोजन, 15 तक कराए पंजीयन

**विदिशा।** कौशल एवं हुनरमंद युवाओं को चयनित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इंडिया कौशल प्रतियोगिता 2026-28 की राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आईटीआई प्राचार्य सुश्री कविता रघुवंशी ने बताया कि विभिन्न कौशल के प्रतिभावान युवक.युवती आगामी 15 सितंबर तक एनएसडीसी के पोर्टल अथवा एप पर पंजीयन करा सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए किसी भी प्रकार की शैक्षणिक योग्यता की पात्रता नहीं हैं। साथ ही एक जनवरी के बाद जन्मे व्यक्ति इसमें शामिल हो सकते हैं। और राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभावान युवक.युवती को इंडिया स्किल एवं विश्व कौशल प्रतियोगिता 2028 में देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

### आगामी त्योहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**सांची।** आगामी त्योहारों को लेकर सांची थाने में शांति समीति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त तहसीलदार सुरेश सिंह ने की। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष पप्पूरेवाराम अहिरवार, सीएमओ रामलाल कुशवाह, उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, पूर्व पार्षद मुशर्रफ कुरैशी पार्षद सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर थाना प्रभारी रामविलोचन शर्मा ने त्योहारों को शांति पूर्ण तरीके से मिलजुल कर मनाने की अपील की। त्योहारों को लेकर कुछ लोगों ने अपने सुझाव देते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था विद्युत व्यवस्था एवं पानी की सुचारू व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष पप्पूरेवाराम अहिरवार ने कहा कहा नगर में साफ-सफाई की सुचारू रूप से की जाएगी। सभी मिलजुल कर त्योहारों को शांति पूर्ण ढंग से मनाये अतिरिक्त तहसीलदार सुरेश सिंह ने कहा कि सभी मिलजुल कर त्योहारों को शांति पूर्ण ढंग से मनाये तथा सभी व्यवस्थाएं सुचारू कराई जायेगी। जिन लोगों ने जो सुझाव दिए हैं उन पर अमल किया जाएगा जहां जरूरत होगी वहां सफाई व्यवस्था भी कराई जाएगी।

### शहर में दो घरों के टूट चुके हैं ताले, नकदी, सोना-चांदी ले उड़े हैं चोर

# त्यौहार का सीजनः रहें सावधान, पुलिस की नहीं लेकिन चोरों की है आपके घरों पर नजर... बढ़ रहीं हैं वारदातें

जागरण विदिशा

इन दिनों त्यौहार का सीजन है। बाजार में खरीददारी बढ़ी है। लोग अपने घरों में ताला लगाकर खरीदी के लिए बाजार पहुंच रहे तो, कहीं घरों में ता ला लगाकर मेहमानी में जा रहे हैं, लेकिन ध्यान रखें कि आपके घरों पर पुलिस की नहीं बल्कि चोरों की निगाह लगी हो सकती है और चोरी की वारदातें हो रही हैं। हाल ही में दो कॉलोनी में दो घरों के ताले टूट चुके और चोर नकदी, सोना-चादी के जेवर व अन्य सामान चुरा ले गए। पिछले कुछ ही दिनों में देखें तो न केवल घरों बल्कि दुकानों में भी चोरी की वारदातें सामने आ चुकी है।

मालूम हो कि रक्षा बंधन पर्व एक बड़ा पर्व है आ ेर इस पर्व के बाद भी अन्य त्यौहार आ रहे हैं। ऐसे में बाजार में न केवल खरीददारी बढ़ती है बल्कि लोगों का आना-जाना भी बढ़ जाता है। अब ज्यादातर एकल परिवार होने से अधिकांश लोगों को घरों में ताला लगाकर बाहर जाने की मजबूरी बनती है और ऐसे में सूना घर होने के कारण चोरों को चोरी करने का अवसर मिलता है। शहर में देखें तो हालात यह कि एक तरफ जहां पुलिस चोरी पकड़ती है तो वहीं दूसरी तरफ फिर चोरी की नई वारदात लोगों में चिंता पैदा कर जाती है। पिछले माहों में चोरी की अनेक वारदातें सामने आ चुकी है और अब त्यौहार के दौरान यह चोरियों का क्रम शुरू होता दिख रहा है, जबकि सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की गश्त होती दिखाई नहीं दे रही है।



फाइल फोटो

#### इधर दुकानों को निशाना बना रहे चोर

वहीं शहर के अहमदपुर मार्ग स्थित दुकानें भी चोरों के निशाने पर है यहां एक माह के बीच दूसरी बार कई दुकानों के ताले टूट चुके हैं। पहली बार पांच दुकानों के ताले चोरों ने तोड़े और दूसरी बार 4 दुकानों के ताले टूटने की वारदातें हो चुकी हैं। यह वारदातें अहमदपुर मार्ग स्थित अटल उद्यान एवं एमपीइबी कार्यालय के पास घटित हुई। क्षेत्र व्यापारियों का कहना है कि पिछली घटनाओं का खुलासा नहीं होने से चोरों के हौसले बढ़े हुए हैं और व्यापारी ओर लोगों में डर का माहौल बना हुआ है और क्षेत्र के रहवासी पुलिस सुरक्षा व गश्त बढ़ाने की मांग करते आए हैं पर शहर में चोरी की वारदातों पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। किसी चोरी की घटना का खुलासा होने के साथ ही दूसरी वारदात हो जाना पुलिस के लिए चुनौती बनता जा रहा है।

#### रात का इंतजार नहीं, दिनदहाड़े चोरी

हाल ही मंगलवार को विठ्ठल नगर में दिनदहाड़े चोरी की वारदात होना सामने आया। इस वारदात में चोर कार से आए और दोपहर करीब 1.30 बजे मुकुंद कद्रे के घर को निशाना बनाया। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने घर के सभी ताले तोड़े और लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। बताते है कि इस घर से चोरों ने करीब 5 से 6 लाख रुपये की नकदी और सोने के जेवरात चुराए और फरार हो गए। बताया जा रहा है कि वारदात के समय चोर कार से विठ्ठल नगर पहुंचे थे और मकान के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए। घर में रखी नकदी तथा सोने के जेवरात समेटने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना का पता चलने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने घर में हुई चोरी से संबंधित साक्ष्य जुटाए। वहीं एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने जांच की। टीम ने फिंगरप्रिंट लिए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद विठ्ठल नगर के रहवासीसुरक्षा को लेकर चिंता में बने हुए हैं।

#### यहां भी टूटे ताले रहवासियों में दहशत

साई फॉर्च्यून कॉलोनी में मंगलवार तड़के एक मकान के दो ताले तोड़कर अज्ञात चोर नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना सुबह करीब 4 बजे की बताई जा रही है। चोरी की घटना सामने आने के बाद कॉलोनी के रहवासियों में दहशत का माहौल है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं कॉलोनी में लगातार चोरी की घटनाओं को लेकर रहवासियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों की तलाश में जुट गई है।

#### पुलिस अब सिर्फ सीसीटीवी कैमरों के भरोसे

जानकारों की मानें तो पुलिस अब सिर्फ सीसीटीवी कैमरे के भरोसे होती जा रही है। हालांकि सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस को कई चोरियों में सफलता भी मिली है, लेकिन चोरियों पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा। इसके लिए पुरानी व्यवस्थाओं को भी व्यवहार में लाने की जरूरत महसूस हो रही है। पुरानी व्यवस्था में रात्रि गश्त में पुलिस के वाहन कॉलोनी में रात्रि में भ्रमण करते थे लेकिन अब पुलिस के सायरनों की आवाज या पुलिस के पदचाप रात में सुनाई नहीं देते। शहर में दिन के समय में माधवगंज, बड़ाबाजार, तिलक चौक आदि कुछ पाइंट पर 24 घंटे पुलिस की मौजूदगी रहती थी, यह व्यवस्था अब दिखाई नहीं देती। वहीं पुलिस में बीट प्रभारी हुआ करते थे, जिनका फोन नंबर, मोबाइल नंबर बीट के अनेक लोगों पर उपलब्ध रहता था और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अपराध की जानकारी पुलिस को तत्काल मिल जाया करती थी, लेकिन अब बीट प्रभारी जैसी व्यवस्था भी दिखाई नहीं दे रही। शहर में बढ़ती वारदातों की रोकथाम के लिए इस तरफ भी ध्यान दिए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

## निरीक्षण के बाद भी नहीं चेते जिम्मेदार जर्जर मकान का गिरा छज्जा, मचा हड़कंप

जागरण विदिशा

बस स्टैंड स्थित शिवाजी चौक के पास बुधवार को एक पुराने जर्जर मकान का छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया। छज्जा गिरने से वहां मौजूद बिजली के तार टूट गए और रास्ता भी बाधित हो गया। गनीमत यह रही कि घटना के समय आसपास लोगों की आवाजाही के बावजूद कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

घटना के बाद नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। दरअसल शहर में जर्जर और खतरनाक मकानों को लेकर नगर पालिका के इंजीनियरों द्वारा पूर्व में शहर के कई मकानों का निरीक्षण किया और ऐसे मकानों को तोड़ने की बात कही गई थी। इसके बावजूद समय रहते कार्रवाई नहीं होने से बुधवार को एक मकान का छज्जा गिर गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में कई शासकीय व निजी जर्जर भवन ऐसे हैं, जो कभी भी हादसे का कारण बन सकते हैं। नगर पालिका द्वारा निरीक्षण कर जर्जर भवनों को चिन्हित करने के बावजूद यदि उन्हें सुरक्षित नहीं कराया जाता या आवश्यक कार्रवाई नहीं होती, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। छज्जा गिरने के बाद टूटे बिजली के तारों के कारण कुछ समय के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा और कुछ देर के लिए रास्ता भी बंद हो गया। लोगों ने मांग की है कि नगर पालिका शहर में चिन्हित सभी जर्जर मकानों पर तत्काल कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



### प्राथमिक शिक्षक पर कार्रवाई वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

जागरण विदिशा

सिरोंज विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला बाबुलखेड़ी में स्वतंत्रता दिवस पर समय पर उपस्थित नहीं होने और ध्वजारोहण नहीं कराने के मामले में प्राथमिक शिक्षक गीता अहिरवार के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, जनपद शिक्षा केन्द्र सिरोंज से कराई गई जांच में शिकायत सही पाई गई। जांच प्रतिवेदन के अनुसार 15 अगस्त को श्रीमती अहिरवार सुबह 8.40 बजे तक विद्यालय नहीं पहुंचीं और ध्वजारोहण कार्यक्रम भी नहीं कराया गया। ग्रामीणों से अभद्र व्यवहार एवं धमकाने की शिकायत भी सामने आई। जांच के दौरान भी संबंधित शिक्षक संस्था में अनुपस्थित पाई गईं। कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। प्राप्त प्रतिवाद समाधानकारक नहीं पाए जाने पर गीता अहिरवार की एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का आदेश जारी किए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा।

## दस हजार के इनामी तीन आरोपी गिरफ्तार, 10 मोटरसाइकिल जब्त

### पुलिस ने 10 लाख का मशरूका किया बरामद

जागरण विदिशा

थाना सिविल लाइन पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर मोटरसाइकिल चोरी के प्रकरण में 10 हजार का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल सहित कुल 10 मोटरसाइकिलें अनुमानित कीमत करीब 10 लाख बरामद की हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 19 अगस्त को फरियादी अक्षय जैन उम्र 22 वर्ष निवासी किरी मोहल्ला, विदिशा द्वारा अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट थाना सिविल लाइन में दर्ज कराई गई थी। इसी तरह 5 अगस्त को मुकेश रजक निवासी पुलिस लाइन द्वारा अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट थाना सिविल लाइन में दर्ज कराई गई थी। जिसमें उन्होंने बताया मोटरसाइकिल रेलवे स्टेशन के बाहर प्लेटफार्म नंबर 4 के पास खड़ी थीजिसे अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था। पुलिस ने इस बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी।

इस पर थाना प्रभारी सिविल लाइन राजपाल सिंह जादौन के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में तत्काल जांच प्रारंभ की गई। पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया उनमें कन्हैया लाल केवट निवासी नटेरन, हाल सोराई रोड, आकाश आदिवासी निवासी थाना हैदरगढ़ हाल सोराई रोड जतपुरा, दीपक आदिवासी निवासी ग्राम बगड़ी, हाल सोराई रोड जतपुरा शाामिल है। साथ ही उक्त आरोपियों से पुलिस ने कुल 10 मोटरसाइकिलें कुल अनुमानित कीमत 10 लाख रुपए बरामद किए।

## 29 अगस्त को धूमधाम से मनाई जाएगी कुश जयंती, निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

जागरण विदिश

कुशवाह महासभा के तत्वावधान में इस वर्ष भी भगवान लव कुश जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह आयोजन शनिवार 29 अगस्त भुजरिया पर्व के अवसर पर सत्संग भवन, वालविहार के पीछे पुराना बस स्टैंड पर किया जाएगा। महासभा के संयोजक पूरनसिंह कुशवाह ने बताया कि वर्ष 2006 से लगातार 20 वर्षों से भुजरिया पर्व पर भगवान श्री कुश जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यह आयोजन का 21वां वर्ष होगा। महामंत्री भीकमसिंह कुशवाह और संगठन महामंत्री जवाहरसिंह कुशवाह ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे भगवान लव कुश की पूजा.अर्चना से होगी। इसके बाद सुबह 11 बजे अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दोपहर 12 बजे सत्संग भवन पुराना बस स्टैंड से प्रारंभ होने वाली शोभा यात्रा रहेगी। शोभा यात्रा माधवगंज, निकासा, तिलक चौक, बड़ा बाजार होते हुए जय स्तंभ चौक, बजरिया में संपन्न होगी। शोभा यात्रा में डीजे, बैंड, ढोल.लंगाड़े के साथ भगवान श्री लव कुश के दो रूप श्रद्धालुओं को देखने को मिलेंगे। एक रथ में सवार भगवान लव कुश विराजमान रहेंगे। वहीं दूसरे रूप में भगवान लव कुश पैदल घोड़ा लेकर चलेंगे।



कुशवाह महासभा प्रवक्ता सुरेंद्र कुशवाह ने बताया कि विदिशा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में समाज के पदाधिकारियों द्वारा घर-घर संपर्क कर समाज बंधुओं को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा रहा है। महासभा के अध्यक्ष झब्बूलाल कुशवाह, ओषध्यक्ष हरभजन कुशवाह ने सभी समाजजनों से इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### 29 अगस्त को कुरवाई के तीन सेक्टरों में अधिकारियों का भ्रमण

**जागरण विदिशा।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान हेतु प्राप्त निर्देशानुसार प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम में संशोधन किया गया है मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शनिवार 29 अगस्त को जिले की कुरवाई तहसील के तीन सेक्टर कांकर, लायरा और कुरवाई नगर में अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर शासकीय योजनाओं की क्रियान्वयन स्थिति तथा शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया द्वारा जारी आदेश में जारी कार्यक्रम अनुसार शनिवार 29 अगस्त को कांकर सेक्टर की ग्राम पंचायत कांकर, भौंरासा, झगरिया, टेंकू, नाउकुंड, करैया, शेखपुर, दादूरार, तमोईया, जरगूंवा, कैथोरा, पनावर और राजपुर में अधिकारियों द्वारा भ्रमण किया जाएगा।

## संभागीय तैराकी में ओलंपस हाई स्कूल अव्वल, चार विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

जागरण विदिशा

भोपाल में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इंटरस्कूल संभागीय स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में ओलंपस हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का परिचय दिया। अंडर.17 बालिका वर्ग में तोशी ठाकुर ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में स्वर्ण पदक तथा 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक प्राप्त किया। वहीं वेदांशी शर्मा ने 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में रजत पदक तथा 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और 100 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक हासिल किए। अंडर.17 बालक वर्ग में एकम सिंह अदक ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक तथा 50 मीटर और 200 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर.19 बालक वर्ग में अभिनव शुक्ला ने 50 मीटर, 100 मीटर एवं 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की।



प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। ओलंपस हाई स्कूल के तोशी ठाकुर, वेदांशी शर्मा, एकम सिंह अदक एवं अभिनव शुक्ला ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया। विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य ने सभी खिलाड़ियों को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। खिलाड़ियों की इस सफलता को उनकी मेहनत, नियमित अभ्यास और समर्पण का परिणाम बताते हुए विद्यालय परिवार ने उनके राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

## बढ़ वाले घाट पर ब्राह्मणों ने किया श्रावणी उपाकर्म, किए 10 विधि स्नान




जागरण विदिशा

मध्य प्रदेश प्रांतीय पुजारी महासभा द्वारा बढ़ वाले घाट पर श्रावणी उपाकर्म हुआ। ब्राह्मणों का सबसे बड़ा पर्व श्रावणी है वर्ष भर में जाने अनजाने में शास्त्र विरुद्ध कृत हो जाने से, जाने अनजाने में दूषित पदार्थ सेवन कर लेने से एवं वर्षभर में कभी संध्या उपासना न करवाने पर जो दोष लगता है। उसके प्रायश्चित के लिए ब्राह्मणों द्वारा श्रावणी उपाकर्म किया जाता है जिसमें 10 विधि स्नान पंच गव्य पान संध्या तर्पण, पंचांग पीठ पूजन इसके उपरांत ब्रह्म यज्ञ तथा यज्ञोऊ पवित्र को अभिमंत्रित करके धारण किया जाता है। जिस वर्ष भर में हुए दोष का प्रायश्चित किया जाता है।

यह विप्रो का सबसे बड़ा पर्व है इस अवसर पर मध्य प्रदेश प्रांजीय पुजारी महासभा के अध्यक्ष पंडित संजय पुरोहित, प. नारायण प्रसाद शर्मा, राम लखन भार्गव, संजय शास्त्री, दीपक भार्गव, उपेंद्र रामायणी, हेमंत शर्मा, राजू शर्मा आदि शामिल हुए।

### वाहन संचालकों को नियमों एवं सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश

## वाहन चैकिंग-19 वाहनों से वसूले 87 हजार

जागरण विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशों के पालन में जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा द्वारा बुधवार को सागर रोड पर वाहनों की सघन चेकिंग कार्यवाही की गई। त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए परिवहन विभाग द्वारा यात्री वाहनों में सुरक्षा मानकों एवं निर्धारित क्षमता के अनुरूप यात्रियों के परिवहन की विशेष रूप से जांच की गई।

चैकिंग कार्यवाही के दौरान कुल 23 वाहन नियम विरुद्ध संचालित होते पाए गए, जिनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। इनमें से 19 वाहनों से कुल 87 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूल किया गया। वहीं शेष 4 वाहनों को प्रकरणों के निराकरण की प्रत्याशा में जप्त कर सुरक्षार्थ पुलिस थाना ग्यारसपुर में रखा गया है।

कार्यवाही के दौरान विशेष रूप से यात्री बसों की जांच की गई। त्यौहार के दौरान यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को ध्यान में रखते हुए बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियों के परिवहन, यात्रियों की सुरक्षा तथा आवश्यक सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया गया। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने वाहन संचालकों को निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त अन्य श्रेणी के वाहनों की भी जांच की गई और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ.साथ यात्री वाहनों में निर्धारित मानकों का पालन कराना है।



परिवहन विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया कि सड़क सुरक्षा एवं यात्री सुरक्षा के दृष्टिगत वाहन चेकिंग की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई दुकानों से लिए खाद्य पदार्थों के नमूने

जागरण विदिशा



आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में लगातार निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा विदिशा सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मिठाई, किराना एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम ने ढीलखेड़ी चौराहा जैन स्वीट्स एंड कन्फेक्शनरी, रामलीला चौराहा तथा गोलू टी स्टॉल एंड रेस्टोरेंट, ग्राम लश्करपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी प्रतिष्ठानों में खाद्य अनुज्ञप्ति वैध पाई गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी किरण एमङ श्रीवास्तव द्वारा एक दुकान से आलू चिप्स एवं दूध मिठाई के नमूने लिए गए। वहीं गोलू टी स्टॉल एंड रेस्टोरेंट से मावा, बर्फी एवं बेसन के लड्डू के नमूने जांच के लिए एकत्रित किए गए।

त्योहारों के दौरान बाहर से आने वाले खाद्य पदार्थों, विशेषकर मावा एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता पर निगरानी रखने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा विदिशा बस स्टैंड पर आने वाली बसों की भी सघन जांच की गई। बस संचालकों एवं संबंधित लोगों को निर्देश दिए गए कि यदि बाहर से मावा आने की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें, ताकि खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता की जांच की जा सके और मिलावट की संभावना को रोका जा सके।